एक नजर में

मालवीय कांग्रेस अजा विभाग उपाध्यक्ष नियुक्त

जीरापुर 28 जून, सं. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अजा विभाग द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति विभाग) की कार्यकारिणी में भगवान मालवीय को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की अनुशंसा पर तथा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने भगवान मालवीय की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुये संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया.

राजगढ़ में 4 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी ठप्प

राजगढ़ 28 जून, का. राजगढ़ जिले के खिलचीपुर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 132 केवी जालमपुरा सब स्टेशन पर ट्रांसफार्मरों का रखरखाव और तकनीकी जांच करेगी. इसके लिए दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. कंपनी के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य के कारण 33 केवी खिलचीपुर, 33 केवी ब्यावरा कला और 33 केवी संडावता फीडरों से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इसका असर खिलचीपुर सब स्टेशन से जुड़े 11 केवी टाउन (नगर) फीडर सहित सभी ग्रामीण फीडरों पर पड़ेगा. इस दौरान पूरे खिलचीपुर शहर और आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी. बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली से जुड़े अपने जरूरी काम दोपहर 12 बजे से पहले पूरा कर लें.

नेशनल हाइवे की लाइटें बंद, टोल वसूली जारी

सारंगपुर 28 जून, सं. शहर से निकले नेशनल हाइवे क्रमांक 52 पर लगे स्टेट लाइट के विद्युत पोल जो कि नेशनल हाइवे के मुख्य मार्ग जो शहरी क्षेत्र से जोड़ता है साथ ही अन्य हाइवे के विद्युत पोल जो की स्टेट लाइट लगी हैं लेकिन यह लाइट अक्सर बंद रहती है खासकर बारिश के समय जिससे यात्रियों को काफी परेशानी के सामना करना पड़ता है. हालत तो तब खराब होते है जब मुख्य मार्ग अकोदिया रोड़ के ब्रिज, गोपालपुर चौराहा, तलेनी बायपास, आदि जगह की स्टेट लाइट अक्सर बंद पड़ी रहती है जिसका ध्यान हाइवे के जिम्मेदारो को दिखाई नहीं देता हैं, यात्रियों का कहना है कि टोल टैक्स के नाम पर लाखों की वसूली होती है लेकिन सुविधा के नाम पर सड़क मार्ग चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. स्टेट लाइट अक्सर बंद होने के कारण दुर्घटना का डर बना हुआ रहता है.

अपार आईडी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

राजगढ़ 28 जून, का. सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, डीपीसी, सहायक परियोजना समन्वयक, एपीसी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं जनशिक्षक उपस्थित रहे. बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी निर्माण, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पुनः विद्यालय में वापसी, विभिन्न विभागीय सर्वे कार्यों तथा विद्यालय संचालन संबंधी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई.

राजगढ़ के भीतर हाइवे बना मौत का कॉरिडोर

शहर के भीतर बायपास बनाने की मांग, लेकिन अभी वैकल्पिक तौर पर करने होंगे सुरक्षा इंतजाम वरना नहीं रुक पाएंगे हादसे

अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, लापरवाही और तेज रफ्तार के बीच हर दिन दांव पर लोगों की जान लगातार हो रहे हादसे, जिम्मेदार विभाग बेखबर

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 28 जून, का. नाका न. 3, बस स्टैंड के सामने शनिवार शाम तेज रफ्तार बोलेरो के अनियंत्रित होकर पलटने और एक गाय की मौत के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर राजगढ़ शहर से गुजरने वाला हाईवे कब तक लोगों की जान लेता रहेगा. पिछले कुछ वर्षों में इस मार्ग पर कई गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन नगर पालिका, यातायात पुलिस, एनएचएआई और परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण हालात जस के तस बने हुए हैं.

करीब तीन किलोमीटर लंबे इस हाईवे पर सर्विस रोड का अभाव, सड़क किनारे फैला बेतरतीब अतिक्रमण, दुकानों के सामने खड़ी रहने वाली गाड़ियां, अवैध पार्किंग, सड़क पर घूमते मवेशी और तेज रफ्तार वाहनों का दबाव हर समय हादसों को न्योता दे रहा है। शहर के बीच से गुजरने वाले इस व्यस्त मार्ग पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन निकलते हैं, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था नाम मात्र की नजर आती है.

हादसे में पीड़ित हम्माल को कांग्रेस देगी नया ठेला

सड़क हादसे के बाद रविवार को कांग्रेस पार्टी ने पीड़ित हम्माल की मदद के लिए हाथ बढ़ाया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिह ने उसकी आजीविका फिर से शुरू करने के लिए नया हाथ ठेला देने की घोषणा की, वहीं धर्मेंद्र मेवाड़े ने तत्काल राहत स्वरूप 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की. इस दौरान मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता एहतेशाम हसन सिद्दकी, लईक खान, नयन विजवर्गीय, प्रवीण नामदेव आदि ने बढ़ते हादसों पर चिंता जताते हुए राजगढ़ के लिए शीघ्र नवीन बायपास निर्माण की मांग भी उठाई.

अतिक्रमण और अवैध पार्किंग बड़ी समस्या

हाईवे के दोनों ओर कई स्थानों पर दुकानों का सामान सड़क तक फैला रहता है, जबकि ग्राहक और अन्य वाहन सड़क किनारे ही पार्क कर दिए जाते हैं. इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती. दुर्घटना वाले स्थान पर भी यही स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं.

स्पीड लिमिट सिर्फ बोर्डों तक, पालन नहीं

हाईवे पर जगह-जगह 20 और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा के बोर्ड तो लगे हैं, लेकिन इनका पालन कराने के लिए न तो स्पीड मॉनिटरिंग होती है और न ही ओवरस्पीड वाहनों पर नियमित कार्रवाई. शहर के बीच से भी भारी वाहन और चार पहिया वाहन तेज रफ्तार में निकलते हैं, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है.लगातार हादसों के बाद टोल एजेंसी ने कुछ स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए, लेकिन उनकी मार्किंग मानकों के अनुरूप नहीं की गई. थर्मोप्लास्टिक रिफ्लेक्टिव पेंट के बजाय साधारण पेंट का इस्तेमाल होने से रात में स्पीड ब्रेकर स्पष्ट दिखाई नहीं देते. ऐसे में चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर होते हैं और वाहन अनियंत्रित होने का खतरा बढ़ जाता है.

स्थायी समाधान केवल बायपास

विशेषज्ञों और शहरवासियों का मानना है कि जब तक जिला मुख्यालय के बीच से गुजरने वाले इस हाईवे का विकल्प तैयार नहीं होगा, तब तक दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाना मुश्किल है। वर्षों से प्रस्तावित राजगढ़ बायपास का निर्माण ही इस समस्या का स्थायी समाधान माना जा रहा है. इससे भारी वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश कम होगा और यातायात का दबाव घटेगा.

चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हादसे के बाद बोलेरो चालक बंटी पिपलोटिया निवासी मोतीपुरा खाती के विरुद्ध कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है. थाना प्रभारी श्रीमती मंजू मखेनिया के अनुसार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. वहीं, चालक नशे की हालत में था या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए उसका ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

सामूहिक पहल से सुधर सकती है तस्वीर

यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई), नगर पालिका और जिला प्रशासन को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर तत्काल प्रभावी कदम उठाने होंगे. जब तक नवीन बायपास का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान हाईवे को ही सुरक्षित बनाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए. यदि सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्रवाई करें, तो बायपास बनने से पहले भी इस हाईवे पर होने वाले कई हादसों को रोका जा सकता है और आम नागरिकों का आवागमन अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है. उल्लेखनीय है नवीन बायपास बनने में कई वर्ष लग सकते है, क्यो की फिलहाल कोई कार्ययोजना ही नही बनी है.

पॉक्सो मामलों के निस्तारण में जिला प्रदेश में अव्वल

राजगढ़ 28 जून, का. मुख्य सचिव द्वारा आयोजित कानून - व्यवस्था, नवीन न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक में राजगढ़ जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई. बैठक में बताया गया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का दो माह के भीतर निराकरण करने में राजगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. जिसके लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की प्रशंसा मुख्य सचिव द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरणों की विवेचना 60 दिवस के भीतर पूर्ण कर निराकरण करने में भी राजगढ़ जिला प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल हुआ है. इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिले को बधाई देते हुए जिला पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की गई. मुख्य सचिव ने राजगढ़ जैसे संवेदनशील जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को विशेष रूप से बधाई दी. उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने हेतु किए जा रहे समन्वित प्रयास सराहनीय हैं. बैठक में विभिन्न आपराधिक प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई.

सिटी पोर्शन सड़क निर्माण की सुस्त रफ्तार से बढ़ी परेशानी

एक माह से थाने के सामने रास्ता बंद, आवागमन बाधित

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 28 जून,सं. शहर में चल रहे सिटी पोर्शन सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति अब आमजन के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है. निर्माण कार्य शुरू हुए एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक कई हिस्सों में काम अधूरा पड़ा है. सबसे अधिक परेशानी थाने के सामने बंद पड़े मार्ग के कारण हो रही है, जिससे रोजाना हजारों लोगों को लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी है.

कई दिनों तक मौके पर पर्याप्त मजदूर और मशीनें नहीं दिखतीं, जिससे काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है. इसका खामियाजा व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है.पेट्रोल पंप के सामने जलभराव से बढ़ी मुश्किलेंसड़क का स्तर ऊंचा होने के कारण पेट्रोल पंप के सामने बारिश का पानी जमा हो गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यहां कीचड़ और बदबू फैलने लगी है. दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना रहता है, जबकि पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

व्यापारियों का कहना है कि जलभराव और खराब सड़क के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है. आसपास रहने वाले लोगों ने भी बदबू और गंदगी से राहत दिलाने की मांग की है.जनता ने उठाए सवालस्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य समयबद्ध योजना के तहत किया जाता और जल निकासी की व्यवस्था पहले सुनिश्चित की जाती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती. लोगों ने प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, बंद मार्ग को जल्द खोला जाए तथा जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके.

दिव्यांग विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक

राजगढ़ 28 जून, का. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रणाली विकसित की गई है. इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना का संचालन ऑनलाइन किया जाएगा. उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकेंगे.

पुराने जर्जर मकान की गैलरी गिरी, बाल-बाल बचे लोग

गैलरी से गिरी पत्थर की पट्टियां सीधे सड़क पर नहीं गिरीं वरना हो सकता था बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 28 जून, सं. नगर में शनिवार रात करीब छह घंटे तक हुई तेज बारिश ने गर्मी से राहत दी, लेकिन नगर के जर्जर भवनों की स्थिति भी उजागर कर दी. बारिश के दौरान वार्ड-11 स्थित एक पुराने दो मंजिला मकान की गैलरी अचानक टूटकर गिर गई. गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया.

गैलरी से गिरी पत्थर की पट्टियां सीधे सड़क पर नहीं गिरीं. वे शटर गेट के सहारे रुक गईं. यदि पत्थर सीधे नीचे गिरते तो वहां से गुजर रहे लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी.

जर्जर भवनों को लेकर लोगों ने जताई चिंता- स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में कई पुराने और जर्जर मकान हैं, जो बारिश के मौसम में कभी भी गिर सकते हैं. उन्होंने मांग की है कि नगर परिषद ऐसे भवनों का सर्वे कर उन्हें चिह्नित करे और समय रहते आवश्यक कार्रवाई करे, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

पहले भी हो चुका है हादसा

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ साल पहले सूरजपोल क्षेत्र में बारिश के दौरान एक दो मंजिला मकान ढह गया था. उस हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी. इसके बावजूद नगर के जर्जर भवनों को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई.

इंद्रदेव की कंजूसी के बावजूद बोवनी में जुटे किसान

बारिश की ठोस शुरुआत नहीं, बोवनी में देरी होते देख किसानों ने ली रिस्क, मक्का, सोयाबीन की व्यापक बोवनी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 28 जून,का. मानसून की बेरूखि से चिंतित किसान अपनी खेती को जुआ लगाने जैसा मानता है. कभी अधिक तो कभी कम बारिश अथवा कीट सहित अन्य प्राकृतिक प्रकोप से किसान हर समय भयभीत रहता है. किसान अब यह मानने लगा है कि इन हालातों से मुकाबला करने के लिये जो भी परिस्थिति होगी उससे निपटा जायेगा. यह सोचकर वह अपने कदम आगे बढ़ाने को मजबूर है.

जिले में बोवनी लायक पर्याप्त बारिश नहीं होने के बावजूद किसानों ने मानसून का लंबा इंतजार करने के बाद अंततः रिस्क लेकर बोवनी का कार्य शुरू कर दिया है.

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जून माह की विदाई होने में बमुश्किल 36 घंटे बचे है लेकिन आज भी इंद्र देव की मेहरबानी खुले दिल से नहीं हुई है. इंद्र देव की कंजूसी के बावजूद किसानों ने बोवनी शुरू कर रिस्क लेने की ठान ली है. इसी का परिणाम है कि किसान बोवनी में जुट गये है.

कृषि विभाग की सलाह को भी कई किसानों ने परिस्थितियों के आगे दरकिनार कर दिया है. कई खेतों में दो इंच तक मिट्टी गीली नहीं हुई है लेकिन किसान बोवनी को मजबूर है.

विलंब में बोवनी करने से किसानों को कई प्रकार की समस्याएं नजर आ रही है. इंद्र देव का बारिश को लेकर जो मिजाज चल रहा है वह किसानों को रूलाने वाला है.

इंद्र देव बारिश में जिस प्रकार की कंजूसी चल रही है उसको देखते हुए किसान अपनी बोवनी की प्राथमिकता बदल रहा है. किसान बोवनी में विलंब नहीं कर मक्का सहित अन्य वैकल्पिक उपज को प्राथमिकता दे रहा है. उम्मींद है अगले कुछ दिनों में झूमकर बादल बरसे और सभी को प्रसन्नचित कर दे.

उपलब्धि किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण में देश में सबसे पहले जिले ने प्राप्त किया था प्रथम स्थान

किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण में जिला देश में अव्वल

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 28 जून, का. रविवार को जिले के लिए गौरव का क्षण उस समय आया जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राजगढ़ के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जलाल उद्दीन दौराना को देश में एचपीवी टीकाकरण में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित किया. साथ ही जिला टीकाकरण शाखा के श्री जय सोनी और नरसिंहगढ़ से एएनएम श्रीमती सरिता मरावी को भी सम्मानित किया गया. डॉ. दौराना के नेतृत्व में राजगढ़ जिले की स्वास्थ्य टीम ने एचपीवी किशोरी बालिकाओं को लगाये जाने वाले विशेष टीकाकरण अभियान में निर्धारित लक्ष्य को देश में सबसे पहले पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया.

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ राजगढ़ ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के स्वास्थ्य मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है. अभियान के दौरान जिले के हजारों पात्र किशोरियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया गया, जिससे राजगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी जिला बनकर उभरा. सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. दौराना ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे राजगढ़ जिले की स्वास्थ्य टीम, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मैदानी कर्मचारियों तथा जिले के जागरूक नागरिकों का है.उन्होंने इस सफलता का श्रेय जिले के प्रभारी एवं जनप्रतिनिधियों में राज्यमंत्रीद्वय गौतम टेटवाल एवं नारायण सिंह पंवार, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, पूर्व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया तथा विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय को दिया. इस राष्ट्रीय उपलब्धि ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत नेतृत्व, टीम भावना और जनसहभागिता के बल पर राजगढ़ जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देश के लिए प्रेरणादायक मॉडल बन चुका है.

प्लास्टिक कचरे को बनाया विकास का आधार

मन की बात में पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया उल्लेख

ब्यावरा 28 जून, का. नगर की कुछ महिलाओं ने अपने आसपास फैले प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर पर्यावरण संरक्षण का अनुकर्णीय उदाहरण प्रस्तुत किया. इस कार्य का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भी आज जिक्र किया. इन महिलाओं, युवाओं के समूह ने आगे बढ़कर शहर से प्लास्टिक कचरा और खाली बोतलों को एकत्र करने के कार्य को जन-आंदोलन के रूप में किया. पिछले कुछ महीनों में सैकड़ों किलो प्लास्टिक का पुनर्चक्रण कर उसका बेहतर उपयोग किया गया है. पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति के संयोजक अनिल कुशवाहा द्वारा नगर में घर-घर से निकलने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन को एकत्र कर इको ब्रिक्स तैयार किए जा रहे हैं. इन इको ब्रिक्स से पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों के लिए बेंच, सजावटी संरचनाएं, गार्डन फर्नीचर तथा अन्य उपयोगी सामग्री बनाई जा रही है. यह पहल वेस्ट टू वैल्यू की अवधारणा को साकार करते हुए प्लास्टिक कचरे को उपयोगी संसाधन में बदल रही है. संस्था के सदस्य तरुण सेन के अनुसार वर्तमान में लगभग 40 से 50 युवाओं एवं महिलाओं की टीम प्रतिदिन स्वैच्छिक रूप से अभियान में कार्य कर रही है.

20 टन प्लास्टिक संग्रहित, 700 ईको ब्रिक्स से गढ़ी हरित पहचान- पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति ने सीमित संसाधनों के बावजूद पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर एक मिसाल कायम की है. समिति द्वारा अब तक 700 से अधिक ईको ब्रिक्स तैयार किए जा चुके हैं, जिनके निर्माण में लगभग 240 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का सुरक्षित पुनर्चक्रण किया गया. प्रत्येक ईको ब्रिक्स में लगभग 300 से 400 ग्राम प्लास्टिक का उपयोग किया गया है. इन ईको ब्रिक्स से नगर में आई लव ब्यावरा सेल्फी प्वाइंट, पेड़ों की क्यारियां, ट्री गार्ड तथा अन्य आकर्षक संरचनाओं का निर्माण किया गया है,

भारी उमस के बीच देर शाम हुई मामूली बारिश

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 28 जून, का. शनिवार दोपहर बाद झमाझम बारिश के बाद मौसम ने राहत दी थी लेकिन वह ज्यादा देर नहीं टिक पाई. रविवार को तेज धूप और उमस के बीच तापमान 1 डिग्री बढ़ा और लोगों को तिलमिलाने पर मजबूर कर दिया. रविवार को दिन भर भारी उमस से लोग बेहाल नजर आए. वहीं देर शाम मौसम फिर से बदला और ठण्डी हवाओं के साथ बारिश शुरू हुआ.

हालांकि बारिश अपेक्षाकृत तेज गति और ज्यादा समय के लिए नहीं हुआ. रिमरिम बरसात ने मामूली ठण्डक जरूर फिजा में घोली लेकिन जिस प्रकार की उम्मीद अब तक आम जनमानस मानसून और झमाझम बरसात को लेकर बरते आ रहे है वह रविवार को भी पूरी नहीं हो गई. इधर मौसम विभाग के अनुसार मानसून को पूरी रफ्तार पकड़ने में दो दिन और लग सकते है.

पारा 1 डिग्री उछला

रविवार को जहां दिन भर उमस रहीं वहीं रविवार को दिन का अधिकतम तापमान बीते दिन की तुलना में 1 डिग्री उछलकर 40 डिग्री सेंटिग्रेट पर जा पहुंचा. इसके पूर्व लगातार तीन दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे बना हुआ था. वहीं रात का पारा 22 डिग्री पर बना हुआ है.